Naidunia (Indore), 27th June 2026, Naidunia City, Page – I

# आइआइटी का दीक्षा समारोह आज, टापर्स को मिलेंगे मेडल

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः इंडियन इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलाजी (आइआइटी) इंदौर का 14वां दीक्षा समारोह शनिवार को आयोजित किया गया है, जिसमें बीटेक और एमटेक के टापर्स को स्वर्ण व रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पीएचडी कर चुके शोधार्थियों को उपाधि देंगे। मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य और केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव प्रो. अभय करंदीकर होंगे। अध्यक्षता भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व चेयरमैन और आइआइटी इंदौर के बोर्ड आफ गवर्नर्स (बीओजी) के चेयरपर्सन डा. के. सिवन करेंगे।

दीक्षा समारोह की शुरुआत दोपहर 2.30 बजे से होगी। प्रारंभ में आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी संस्थान की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। संस्थान की उपलब्धियों, शिक्षा, शोध और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताएंगे। समारोह में छात्र-छात्राओं के साथ उनके परिवार और आइआइटी के पूर्व छात्र भी जुड़ सकेंगे। जो लोग कैंपस में मौजूद नहीं रह पाएंगे, उनके लिए संस्थान ने विशेष व्यवस्था की है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आइआइटी इंदौर के वेब पोर्टल पर किया जाएगा।

